CALL@7235808541

An initiative of Galaxy Achieve Your Goal

# माचू पिच्चू



## चर्चा में क्यों ?

हाल ही में माचू पिच्चू के इंका गढ़ को विरोध के बाद फिर से खोल दिया गया है।

## माचू पिच्चू का परिचय



- माचू पिच्चू दक्षिण अमेरिकी देश पेरु में स्थित एक कोलम्बस-पूर्व युग, इंका सभ्यता से संबंधित ऐतिहासिक स्थल है।
- यह समुद्र तल से 2,430 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।
- इसका निर्माण इंका साम्राज्य के लोगों ने 15वीं शताब्दी के मध्य में एक शाही संपत्ति या पवित्र धार्मिक स्थल के रुप में किया था।



## माचू पिच्चू का इतिहास

- पहले इंका सम्राट पचकुटेक (Pachacuteq) ने माचू पिच्चू के निर्माण का आदेश दिया था, जो उनके 1000 वंशजों का घर था।
- 16वीं शताब्दी में जब स्पेनिश आक्रमणकारियों ने इंका सभ्यता खत्म कर दिया तो माचू पिच्चू वीरान हो गया।
- प्राचीन होने के बाद भी इसकी वास्तुकला और इंजीनियरिंग बेहद शानदार हैं जिसमें सीढ़ियां, रैंप, छत और दीवारें शामिल हैं जिनका निर्माण पहाड़ के किनारे किया गया है ताकि भूस्खलन के खतरे से बचा जा सके।

## माचू पिच्चू की खोज



- अमेरिकी इतिहासकार हीरम बिंघम ने इसकी खोज 1911 में की थी, तब से माचू पिच्चू एक महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण बन गया है।
- इसे इंकाओं की पुरातन शैली में बनाया था जिसमें पॉलिश किये हुए पत्थरों का प्रयोग हुआ था। इसके प्राथमिक भवनों में इंतीहुआताना (सूर्य का मंदिर) और तीन खिड़कियों वाला कक्ष प्रमुख हैं।
- वर्ष 1983 में माचू पिच्चू को एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया ।